## रिम्स ओपीडी

**विभाग डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ मनोज कुमार प्रसाद
- सर्जरीः डॉ पंकज बोदरा
- ऑर्थोपेडिकः डॉ जीके गुप्ता
- न्यूरोसर्जरीः डॉ आनंद प्रकाश
- गायनीः डॉ नीलम नलिनी
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- रेडिएशन आंकोलॉजीः डॉ रश्मि सिंह
- सर्जिकल आंकोलॉजीः डॉ रोहित कुमार झा
- नेत्रः डॉ सुनील कुमार
- स्किनः डॉ प्रभात कुमार
- ईएनटीः डॉ बिनोद कुमार सिन्हा
- न्यूरोलॉजीः डॉ रूपेश प्रसाद

## शहर में आज

1. हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर मैच, मोरहाबादी में 12 बजे से
2. शून्यकाल का आयोजन, सीएमपीडीआई में 10 बजे से
3. विंटर क्विज कांटेस्ट, सेल सिटी क्लब हाउस में 3:30 बजे से
4. एचईसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति की बैठक, एफएफपी बिल्डिंग में 11 बजे से
5. राष्ट्रीय मासिक पत्रिका का वार्षिक समारोह, प्रेस क्लब में 5 बजे से
6. लोहड़ी पूजन का कार्यक्रम, बड़ा तालाब पर 6 बजे से
7. मकर सक्रांति संग्रह शिविर को लेकर पीसी, वनवासी कल्याण केंद्र में 12 बजे से

**सूचनाः** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## सदर ओपीडी

**विभाग डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ अरुणोदय, डॉ बीएन पोद्दार और डॉ सत्येंद्र
- सर्जरीः डॉ अजीत कुमार
- ऑब्स एंड गायनीः डॉ मुस्सरत यामिनी और डॉ श्रुति प्रभा
- पीडियाट्रिक(शिशु रोग): डॉ सूर्या
- हेमाटोलॉजीःडॉ अभिषेक रंजन
- सर्जीकल आंकोलॉजीः डॉ प्रकाश भगत
- नेफ्रोलॉजीः डॉ नवीन कुमार

## ब्रीफ खबरें

### भाजपा कार्यालय से लवकुश रथ रवाना

**रांची ।** भाजपा के प्रदेश कार्यालय से लवकुश रथ को रवाना किया. यह रथ कुशवाहा महासभा की ओर से निकाला गया है. इसके माध्यम से पूरे प्रदेश में राम लला की प्रतिष्ठा के अवसर पर अक्षत निमंत्रण वितरण किया जाएगा. सांसद दीपक प्रकाश और विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता समेत कई नेता मौजूद थे. शशिभूषण ने कहा कि कुशवाहा समाज लव कुश का वंशज है. भगवान राम 500वर्षों के बाद अपने घर में विराजमान होने जा रहे हैं, तो यह समाज के लिए गौरव का क्षण है.

### सीसीएल का निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित

**रांची।** बुकरू नगरी में सीसीएल के जन आरोग्य केंद्र ने निःशुल्क लेप्रोसी सहित अन्य बीमारियों के हेल्थ कैंप का आयोजन किया. कैंप में चिकित्सकों ने 142 लोगों की जांच की एवं परामर्श दिया. कैंप में हाईपरटेंशन, कुष्ठ रोग एवं आंख की जांच की गयी, जिसमें 60 लोगों का शुगर एवं 42 लोगों के खून की जांच की गयी. सीएमएस सीसीएल डॉ. रत्नेश जैन, मयूरी भट्टाचार्य, प्रीती तीग्गा, डॉ. शशिकान्त प्रसाद, डॉ. अनिता होरो, डॉ. अम्बरीश कुमार, डॉ. अंकुर, डॉ. पायल, डॉ. शिखा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

### जनजातीय युवा कला एवं सांस्कृतिक समागम का समापन, बोले राज्यपाल

# प्रकृति प्रेमी होता है जनजातीय समुदाय

प्रमुख संवाददाता। रांची



राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि जनजातीय समुदाय प्रकृति प्रेमी होते हैं. वे जड़ी-बूटियों के बारे में बहुत कुछ जानते हैं. पारंपरिक कौशल उनकी विरासत का हिस्सा है, आवश्यकता है उनके पारंपरिक कौशल को और भी तराशने की. झारखंड खनिज संपदा के मामले में सबसे अव्वल राज्य है. हम इस संसाधन का उपयोग कर एवं साझा प्रयास कर इसका समग्र विकास कर सकते हैं. इसके लिए युवा शक्ति को भी आगे आना होगा. राज्यपाल शुक्रवार को विकास भारती द्वारा आयोजित 'जनजातीय युवा कला एवं सांस्कृतिक समागम 2024' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. उन्होंने कहा स्वामी विवेकानंद का जीवन हमें आत्मविश्वासी एवं समर्पित होकर राष्ट्र को और सशक्त बनाने हेतु कार्य करने के लिए प्रेरित करता है.

**विकास भारती सराहना का पात्र :** राज्यपाल ने कहा कि विकास भारती पिछले 41 वर्षों से जनजातियों के उत्थान की दिशा में लगातार कार्य करता आ रहा है, इसके लिए संस्था सराहना के पात्र हैं. इस संस्थान ने शिक्षा, रोजगार, महिला स्वावलंबन, कौशल विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किया है. पीएम नरेंद्र मोदी का भी मानना है कि समग्र विकास की अवधारणा तभी फलीभूत होगी जब सुदूरवर्ती गांवों में रहने वाले लोगों का आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास होगा. हमलोगों के लिए गर्व की बात है की आदिवासी समाज की एक महिला राष्ट्रपति पद को सुशोभित कर रही हैं. राज्य के जनजातियों के विकास के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है. उन्होंने 85 से अधिक एकलव्य विद्यालय की सौगात झारखंड को दी है. इस दौरान राज्यपाल ने विभिन्न स्टालों का भ्रमण किया. असुर जनजातीय की लौह निर्माण की कला को भी देखा.

### सरस एवं खादी मेले का समापन, हुआ 2.5 करोड़ का कारोबार

## खादी का मतलब स्वाभिमान आत्मसम्मान है : राज्यपाल



**रांची ।** मोरहाबादी में लगे छह दिनी खादी एवं सरस मेले का शुक्रवार को समापन हुआ. मेले में लगे 300 स्टॉल से 2.5 करोड़ के उत्पादों की बिक्री हुई. खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने 7 लाख, स्टॉलों ने 25 लाख ,सरस के स्टॉलों ने 71 लाख की बिक्री की. पीएमईजीपी, एसएमई,आर्टिजन, डीसीएच ने 1.30 करोड़ की बिक्री दर्ज की. फूड कोर्ट ने 6 लाख और ओपेन एरिया के स्टॉल ने 10 लाख की बिक्री की. समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि खादी का मतलब स्वाभिमान, आत्मसम्मान है. महात्मा गांधी ने यह संदेश दिया था कि सभी ग्रामीणों का गांव में ही जरूरत के सामान उपलब्ध हों. खादी से रोजगार मिलता है. देश के सभी छोटे- बड़े गांवों के विकास में खादी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. यह खादी मेला यह भी दर्शाता है कि महात्मा गांधी ने जिस आत्मसम्मान और ग्रामीणों को रोजगार देने की बात कही थी, वह पूरा हो रहा है. राज्यपाल ने मेले के स्टॉल धारको में से विजेताओं को पुरस्कृत किया. पहले स्थान पर रहे जोहार इंक्लेव के अजीत को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. दूसरा पुरस्कार उदय शंकर सिंह और तीसरा पुरस्कार अनगड़ा के मुकेश को दिया गया. साथ ही गुजराती हैंडीक्राफ्ट की आरती, ग्रामीण विकास के सुरेंद्र, लक्ष्मी व पलाश की प्रतिमा, बिहारी व्यंजन के रंजन राज को भी राज्यपाल ने सम्मानित किया.

खादी बोर्ड के सीईओ राखाल चंद्र बेसरा ने कहा कि इस साल महोत्सव में रिकार्ड भीड़ उमड़ी, साथ ही रिकार्ड बिक्री हुई. खादी महोत्सव में 8 सेक्शन में कुल 300 स्टॉल लगाए गए थे. इनमें 120 स्टॉल सरस के थे. इस बार झारखंड के प्रमुख फैब्रिक्स के नाम पर हैंगर का नाम रखा गया था.

### राज्यभर के 32 जनजातीय समाज के लोग शामिल हुए

रांची। विकास भारती के स्थापना दिवस पर राज्यभर के 32 जनजातीय समाज के लोग शामिल हुए. विकास भारती के 43 वें स्थापना दिवस समारोह का शुक्रवार को समापन हुआ, जिसमें असुर जनजाति की ओर से लाल मिट्टी और कोयले से लोहा बनाने की प्रदर्शनी लगायी गयी. कुम्हार ने दीया बनाने की कला का प्रदर्शन किया. हाथ से बने विभिन्न डिजाइन के पटिया का भी स्टॉल था. मौके पर नृत्य-गान एवं वाद्ययंत्र का मंच से प्रदर्शन हुआ और विभिन्न परियोजनाओं के द्वारा 19 स्टॉलों की प्रदर्शनी लगायी गयी. समारोह में 10 हजार से अधिक युवा शामिल हुए. मुख्य अतिथि राज्यपाल सीपी राधा कृष्णन, केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद सुनील सोरेन, सांसद समीर उरांव, सांसद संजय सेठ, पूर्व मेयर आशा लकड़ा, देववृत पाहन, गंगोत्री कुजूर, रामकुमार पाहन, रांची विवि के कुलपति डॉ. अजित सिन्हा, बिशुनपुर के संयुक्त सचिव महेद्र भगत समेत अन्य शामिल थे.

### राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का किया अनावरण

## विवेकानंद के विचार युवाओं को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए करते रहेंगे प्रेरित



**रांची ।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं को निरंतर मार्गदर्शन एवं कर्तव्य पथ पर चलने के लिए प्रेरित करते रहेंगे. उनके विचार हमें आत्मविश्वास, समर्पण और राष्ट्र के विकास के प्रति प्रतिबद्धता के लिए प्रेरित करते हैं. स्वामी विवेकानंद ने युवाओं के चरित्र निर्माण, नैतिकता एवं बेहतर मूल्यों पर आधारित समाज के निर्माण पर बल दिया. राज्यपाल शुक्रवार को केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपनी 14 वर्षों की यात्रा में, नवाचार एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देते हुए ज्ञान आधारित समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

**भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश :** राज्यपाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के दिखाये गए मार्ग पर चल कर आज भारत विश्व की 5 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का देश बन गया है. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जल्द ही तीसरी अर्थव्यवस्था सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है.आर्थिक उन्नति की ओर बढ़ने के बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विश्वबंधुत्व की भावना का परिचय दिया है. कोविड के समय टीका विकसित कर भारत ने न सिर्फ अपने देशवासियों को बल्कि अन्य देशों को भी निःशुल्क टीका उपलब्ध कराया. मौके पर राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया. विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

## रामटहल पर नीतीश ने डाला डोरा, रांची से चुनाव लड़ने का ऑफर

**रांची ।** बीजेपी के कद्दावर नेता रहे रामटहल चौधरी पर जदयू ने डोरा डाला है. जदयू ने उन्हें रांची सीट से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया है. बताते चलें कि चौधरी रांची सीट से पांच बार सांसद रह चुके हैं. चौधरी ने कहा है कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने उन्हें जदयू के टिकट पर रांची से लोकसभा चुनाव लड़ने का ऑफर दिया है. इसपर उन्होंने नीतीश कुमार से कहा है कि यदि इंडिया गठबंधन के खाते में जदयू के हिस्से में यह सीट आती है तो वे इस ऑफर पर विचार करेंगे.



- मोदी युग से पहले और अब की भाजपा में जमीन-आसमान का अंतर है.

**अब की भाजपा में जमीन आसमान का अंतर :** रामटहल चौधरी ने कहा कि मोदी युग से पहले और अब की भाजपा में जमीन-आसमान का अंतर है. आज के पुराने नेता साइड कर दिए गए हैं. भाजपा में अब मिस्ड कॉल से सदस्य बनाया जाता है. इससे सदस्य बननेवाला कौन है और उसकी पृष्ठभूमि क्या है, इसका पता नहीं चल पाता. पूर्व की भाजपा में बिना सदस्य बननेवाले की पृष्ठभूमि जाने उन्हें सदस्य नहीं बनाया जाता था.सदस्य बनने के लिए जो आवेदन करता था उसका वेरिफिकेशन होता था.

## अधिकारी गैर कानूनी कार्यों के सहभागी न बनें: प्रतुल

प्रमुख संवाददाता। रांची



**खास बातें**

- हेमंत सरकार ने बना लिया है अपना सीआरपीसी
- अधिकारी कर रहे सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की भी अवहेलना

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार के अधीन कार्य कर रहे अधिकारियों से अपील की है कि वो राज्य सरकार के गैरकानूनी और गलत कार्यों के सहभागी न बनें. अधिकारियों से कहा कि अपने रूल बुक के मुताबिक संविधान और देश के कानून के अनुरूप ही कार्य करें. राज्य सरकार के हाल के कार्यों से लगता है कि वह अपना खुद का सीआरपीसी बना चुकी है. मुख्यमंत्री जी को ये नहीं भूलना चाहिए, देश का कानून सर्वोच्च होता है.

**कैबिनेट सेक्रेटरी का पत्र सुप्रीम कोर्ट की अवहेलना :** प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार के कैबिनेट सेक्रेटरी ने एक अति आपत्तिजनक पत्र ईडी को लिख कर अपने अफसरों को तलब किए जाने के मुद्दे पर जानकारी मांगी है. यह पत्र सीधे तौर पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अवहेलना है. ऐसा प्रतीत होता है कि हेमंत सरकार अब गैर कानूनी रास्तों का सहारा लेकर भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे केंद्र सरकार के मुहिम को रोकना चाहती है और अपने चहेते अफसरों को बचाना चाहती है.

**सर्वोच्च न्यायालय का भी दिया हवाला :** प्रतुल ने कहा की सर्वोच्च न्यायालय ने 27 जुलाई ,2022 को निर्णय सुनाते हुए कहा था की एफआईआर और इसीआईआर - दोनों अलग-अलग होते हैं. जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली पीठ ने अपने निर्णय में कहा था कि ईडी के समक्ष यह जवाबदेही नहीं होती कि वह जिस व्यक्ति को बुलाता है उसके साथ अपनी इसीआईआर (एनफोर्समेंट केस इनफॉरमेशन रिपोर्ट) को साझा करे. ये मानना संभव नहीं है कि कैबिनेट सेक्रेटरी को सर्वोच्च न्यायालय के इस अति महत्व पूर्ण निर्णय की जानकारी नहीं हो. उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वो विधि सम्मत कार्य करें.अब कैबिनेट सेक्रेटरी का यह पत्र सीधे तौर पर देश के संसद के द्वारा स्थापित ईडी की शक्तियों को चुनौती देने वाला है. इन शक्तियों को तो सर्वोच्च न्यायालय ने भी सही ठहराया है.

## डीएमएफटी की शासी परिषद की वार्षिक बैठक

**रांची।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष-सह-डीसी राहुल सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को डीएमएफटी शासी परिषद की वार्षिक बैठक हुई. इसमें डीसी ने जिले को डीएमएफटी फंड में प्रखंडवार प्राप्त रॉयल्टी, वित्तीय वर्ष 2016-17 से दिसंबर 2023 तक प्राप्त और खर्च हुई राशि के साथ प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से किस गांव व पंचायत में खर्च हुई,इसकी जानकारी दी. समिति के सदस्यों को बताया कि 2016-17 से दिसंबर 2023 तक उच्च प्राथमिकता क्षेत्र में 66 % तथा अन्य प्राथमिकता क्षेत्र में 34% की योजना स्वीकृत व क्रियान्वित की जा रही. डीसी ने समिति के सदस्यों को बताया कि 1 अप्रैल से 31 दिसंबर 2023 तक डीएमएफटी मद में प्रखंडवार प्राप्त रॉयल्टी की राशि 25.89 करोड़ है, जिसकी योजनाओं का चयन होना है. समिति ने खनन क्षेत्रों में योजनाओं के चयन पर विमर्श किया.

बैठक में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से खनन प्रभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं के चयन के लिए ग्राम सभा कराकर प्रस्ताव प्राप्त करते हुए एक सप्ताह में समिति के समक्ष प्रस्तुत करने पर सहमति बनी, ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जा सके. बैठक में खिजरी विधायक राजेश कच्छप, मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, सांसद व विधायक प्रतिनिधि, जीएम सीसीएल नार्थ कर्णपुरा, उप विकास आयुक्त-सह-सदस्य सचिव दिनेश यादव, जिला योजना पदाधिकारी अरुण कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे.

## शिक्षा में 4 कदम नहीं बढ़ी सरकार गलत आंकड़े देकर युवाओं को भरमा रही: नीरा

**लगाया आरोप**

- हेमंत सरकार ने रघुवर की योजनाओं को ठप कर दिया
- शिक्षा का बजट भी अब तक खर्च नहीं कर पायी सरकार

प्रमुख संवाददाता। रांची

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विभाग की उपलब्धियां गिनाईं. इसके बाद भाजपा मुख्यालय में विधायक नीरा यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हेमंत सरकार 4 साल में 4 कदम आगे नहीं बढ़ी है. गलत आंकड़े देकर सरकार युवाओं को भ्रम में डाल रही है. कहा कि हेमंत सरकार ने पूर्व की रघुवर सरकार की योजनाओं को ठप कर शिक्षा के कार्यों को रोकने का काम किया है. 9 महीने में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग ने बजट की मात्र 23.12 फीसदी राशि खर्च की है. स्कूली शिक्षा का भी बुरा हाल है. 6387 करोड़ के बजट में मात्र 58.14% ही खर्च हुआ है.

**स्कूल से कॉलेजों तक भारी संख्या में खाली हैं शिक्षकों के पद :** नीरा यादव ने कहा कि हाई स्कूलों में 10 हजार शिक्षकों के पद खाली हैं. देश में 18 विद्यार्थियों पर एक शिक्षक हैं, जबकि झारखंड में 35 विद्यार्थी पर एक शिक्षक तैनात हैं. हाईस्कूलों और प्लस टू में लगभग 70% प्राचार्य के पद खाली हैं. राज्य के यूनिवर्सिटी और कॉलेजों की स्थिति भी बदतर है. 50% से ज्यादा प्रोफेसर के पद रिक्त हैं. रघुवर सरकार में रोड मैप बनाकर शिक्षा की स्थिति में बदलाव लाया गया था. शिक्षक नियुक्ति, आधारभूत संरचना और साइकिल वितरण जैसे कार्य करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने का कार्य किया गया था. रघुवर सरकार में बने स्कूल भवनों को हेमंत सरकार शुरू भी नहीं करवा पा रही है. युवा इस सरकार के खिलाफ सड़कों पर हैं.




### हेमंत सरकार की शिक्षा विरोधी नीति से युवा कर रहे पलायनः शशिभूषण मेहता

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पांकी विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि डबल इंजन की रघुवर सरकार में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को तेजी से आगे बढ़ाया गया था, जिसे हेमंत सरकार ने रोक दिया है. पलामू का इंजीनियरिंग कॉलेज शिक्षकों के अभाव में बदहाल है. पॉलीटेक्निक कॉलेज आज तक हैंडओवर नहीं हो पाया है. स्कूलों में प्रिंसिपल, शिक्षक का घोर अभाव है. हेमंत सरकार एकलव्य विद्यालय के लिए जमीन उपलब्ध कराने में नाकाम है. सरकार के शिक्षा विरोधी नीति के कारण झारखंड के युवा पलायन करने को मजबूर हैं.

### एक शाम युवाओं के नाम | स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर हरमू मैदान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

# हनुमान चालीसा अपने आप में एक संपूर्ण मंत्र : विजय शंकर मेहता

संवाददाता। रांची

श्री हनुमान सेवा संस्थान रांची के तत्वावधान में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में एक शाम युवाओं के नाम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम संध्या सात बजे हनुमान चालीसा से प्रारंभ हुआ, जिसमें प्रसिद्ध कथावाचक संत पं. विजय शंकर मेहता द्वारा हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कराया गया. इस पाठ में देश-विदेश के पांच करोड़ से अधिक लोग संस्कार टीवी एवं अन्य टीवी चैनलों के माध्यम से लाइव जुड़े थे.

इस अवसर पर पं. मेहता ने कहा कि परम पिता की असीम अनुकंपा है कि स्वामी विवेकानंद की पावन जयंती के अवसर पर हम हनुमान जी का



स्मरण कर रहे हैं. इसके साथ ही आज हम मातृ शक्ति पर चर्चा करेंगे। उन्होंने मां कौशल्या की भी चर्चा की अयोध्या में श्री राम के आगमन पर की। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जी कहते हैं कि कोई भी सफलता बिना संघर्ष के नहीं मिल सकती। जीवन में जब भी चुनौतियों का सामना करना पड़े, हमेशा मुस्करा कर करें। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा अपने आपमें एक संपूर्ण मंत्र है।विवेकानंद जी कहते हैं, हनुमान जी से सीखो. जहां भी रहो सही रहो. हनुमान जी की सेवा से जुड़े रहो। विवेकानंद जी से प्रेरणा लें, ताकि कितनी भी निंदा हो अपने लक्ष्य से आप न भटकें। उन्होंने सहनशील बनने के सात उपाय बताते हुए कहा कि रात में सोने और उठने के बाद हनुमान जी का अवश्य ध्यान करो। इस अवसर पर मंचासीन पं. मेहता को श्री हनुमान सेवा संस्थान रांची के अध्यक्ष राकेश भास्कर ने माल्यार्पण व अंग वस्त्र से अभिनंदन और स्वागत किया। उन्होंने समारोह में मौजूद लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि विगत 13 सालों से यह कार्यक्रम होता आया है और आगे भी होता रहेगा. इस अवसर पर पं. मेहता से सांसद समीर उरांव, सांसद संजय सेठ, राकेश भास्कर, धर्मेंद्र तिवारी, प्रमोद सारस्वत, इंद्रजीत यादव, अरुण झा, सुरेश सिंह, राज किशोर सिंह, विमलेश सिंह, गोपाल सोनी, नवीन झा, केके गुप्ता, अजय सिंह, रामचंद्र जायसवाल,अरुण कुमार सिंह सहित काफी लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया.

### पं. विजय शंकर मेहता ने किया पौधारोपण



**रांची।** कथावाचक पं. विजय शंकर मेहता तथा सांसद समीर उरांव शुक्रवार को हरमू में पौधा रोपण किया व स्वछता अभियान में शामिल हुए.पं. मेहता के सांनिध्य में प्रातः 8:30 बजे से वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान व दोपहर 12:30 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से सांसद समीर उरांव अध्यक्ष राकेश भास्कर, संरक्षक प्रमोद सारस्वत ,सुरेश सिंह,अरुण कुमार झा इंद्रजीत यादव, नवीन झा ,सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

## झामुमो प्रतिनिधिमंडल का दिल्ली कूच, सीट बंटवारा पर होगा मंथन

प्रमुख संवाददाता। रांची

लोकसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर झामुमो के नेता दिल्ली रवाना हो गए है. दल में मंत्री चंपई सोरेन, सुदिव्य सोनू, सुप्रीयो भट्टाचार्य व विनोद पांडेय शामिल हैं. झामुमो का दल दिल्ली में गठबंधन के आला नेताओं से मिलकर सीट शेयरिंग पर बात रखेगा. राजनीति के गलियारों में चर्चा है कि जमशेदपुर और कोल्हान सीट पर फेरबदल की बात हो सकती है.

पिछले चुनाव मे जमशेदपुर सीट पर झामुमो को हार मिली थी. वहां से चंपई सोरेन लड़े थे. इस सीट पर बीजेपी के विद्युत वरण महतो को जीत मिली थी. लेकिन इस सीट पर अब कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ अजय कुमार ने दावा पेश किया है. वहीं झामुमो कोल्हान सीट पर अपना दावा पेश कर सकता है. इसकी वजह यह है कि कोल्हान की छह विधानसभा सीटों में से पांच पर झामुमो का कब्जा है.

### फंस सकता है पेंच

इस बार सीट बंटवारे में पेंच भी फंस सकती है. वजह यह है कि इंडिया गठबंधन में जदयू भी शामिल है. तीन फरवरी को रामगढ़ में बिहार के सीएम की सभा भी होनी है. जदयू की नजर हजारीबाग और गिरिडीह में है. वहीं वाम कोडरमा, हजारीबाग और धनबाद में दावा कर सकता है. इधर वाम की सक्रियता भी बढ़ गई है. पिछले चुनाव में 7 सीट पर कांग्रेस ने उम्मीदवार खड़ा किया था और अपने कोटे की दो सीटें जेवीएम को दी थी. 4 पर जेएमएम लड़ा था और एक सीट राजद को मिली थी.

